तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 निष्ठावान कार्यकर्ताओं की वजह से समय पर ...



14 राम राज परिवार द्वारा निकाली गई ऐतिहासिक ...



## खबर संक्षेप

### महावीर जयंती पर शोभायात्रा आज

**महासमुंद।** महावीर जयंती के अवसर पर जैन श्री संघ के संयोजक धीरज गोलछा ने जानकारी देते हुए बताया की आज गुरुवार को प्रातः 8.30 बजे जैन मंदिर से शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में परमात्मा रथ में सवार होकर चलेंगे। विभिन्न मंडलों के द्वारा भजन की प्रस्तुति की जाएगी।

### 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने दो मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम खैरझिटी के मृतक भूपेंद्र ध्रुव एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत गाम खुर्सीपहार के मृतक केशव लाल निषाद के वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### धीवर समाज कौड़िया परगना की बैठक 13 को

**कोमाखान।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज परगना का वार्षिक आम सभा ग्राम गांजर में रखी गयी है। इस संबंध में समाज के सचिव रेवाराम धीवर ने विज्ञप्ति में बताया कि 13 अप्रैल को ग्राम गांजर में होने वाली वार्षिक बैठक प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगी। जिसमें छग के विभिन्न परगनाओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक में सामाजिक संरचनाओं तथा प्राप्त प्रकरणों पर विचार-विमर्श कर उसका समाधान किया जाएगा। परगना के कौड़िया परगना के समस्त प्रमुख बंधुओं को बैठक में अनिवार्य रुप से शामिल होने का आव्हान किया है।

### परसुली में लोकार्पण कार्यक्रम 13 को

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्रा के अतर्गत ग्राम परसुली में विधायक मद से 5 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण व उदघघाटन कार्यक्रम 13 अप्रैल दिन रविवार को रखा गया है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी होगें वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम पटेल अध्यक्ष नर्राराज करेंगे विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं अति विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सरपंच जलसिंह पांडे, ग्राम पंचायत परसुली सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल, ग्रापं परकोम पूर्व सरपंच मोतिन आनंद चक्रधारी, परसुली पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन नर्रा एवं पूर्व सरपंच किशोर चतुर्वेदी ग्रापं परकोम आदि होंगे। इस अवसर दोपहर में सुर सुरभि पंडवानी गायिका पूनम सिन्हा मड़ेली छुरा गरियाबंद के कार्यक्रम रखा गया है।

# उच्चाधिकारी की स्कूलों में दबिश, गैरहाजिर प्रधान पाठक निलंबित

## ओपन परीक्षा केंद्र का भी किया निरीक्षण, अनियमितता की शिकायत पर हटाए गए सहायक केंद्राध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के झलप क्षेत्र के स्कूलों में आज रायपुर संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक राकेश पांडे एवं सहायक संचालक अजीत सिंह जाट के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्कूलों में देर से पहुंचने वाले शिक्षकों एवं लगातार अनुपस्थित शिक्षकों के ऊपर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा उनके द्वारा की गई साथ ही स्कूल न आने वाले प्राथमिक शाला झलप के प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

आज अधिकारियों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला झलप का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां पर उन्होंने पाया कि प्रधान पाठक सुदर्शन सिंह ध्रुव लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं जिस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए संबंधित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। संस्था में पदस्थ अन्य शिक्षक को सही ढंग से शाला संचालन हेतु हिदायत दी गई। संकुल समन्वयक व संकुल प्राचार्य को लगातार मॉनिटरिंग कर उच्च कार्यालय को जानकारी देने कहा गया। इसी प्रकार संयुक्त संचालक द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झलप का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां पर उन्होंने पाया कि संस्था में पदस्थ भृत्य को छोड़कर कोई भी स्टाफ निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं था निरीक्षण अवधि के दौरान व्याख्याता नीलिमा दीवान, प्रभारी प्राचार्य विजयलक्ष्मी सिदार एवं व्याख्याता विदिशा सोनी उपस्थित थे। इसके अलावा हेमलता पटेल विज्ञान सहायक शिक्षिका जिनका ओपन परीक्षा कार्य में वीक्षक के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी, उपस्थित मिलीं। इन सबको छोड़कर स्कूल में पदस्थ समस्त स्टाफ अनुपस्थित थे, जिस पर संभागीय





संयुक्त संचालक द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई एवं सभी को स्पष्टीकरण जारी किया गया। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झलप में 9 अप्रैल को कक्षा बारहवीं ओपन का अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र था। यहां पर ओपन परीक्षा के आयोजन व्यवस्था में अनियमितता पाए जाने एवं देर से आने पर एक व्याख्याता एवं एक लिपिक को स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया। साथ ही सहायक केंद्राध्यक्ष देव कुमार ध्रुव को तत्काल प्रभाव से पद से हटाकर उनके स्थान पर शासकीय कन्या हाई स्कूल में पदस्थ व्याख्याता गिरधारी लाल पटेल को सहायक केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झलप में पदस्थ शिक्षक - व्याख्याता जो समय पर विद्यालय नहीं आए थे, सभी से स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया है। झलप में निरीक्षण के पश्चात अधिकारियों द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नरतोरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां पर उन्होंने पाया कि संस्था में पदस्थ व्याख्याता अश्विनी वानखेडे एवं व्याख्याता विरोध कुमार असगर विद्यालय में अनुपस्थित मिले जिस पर उन्होंने संस्था के प्रभारी प्राचार्य डीपी चंद्राकर को उच्च कार्यालय को समय पर उनकी अनुपस्थिति की सूचना न दिए जाने पर शो काज नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

साथ ही दोनों व्याख्याता को भी शो काज नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है जवाब संतुष्टिपूर्वक ना होने पर उनके विरोध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी संभागीय संयुक्त संचालक एवं सहायक संचालक के द्वारा इस प्रकार औचक निरीक्षण करने से क्षेत्र के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों एवं कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## वारदात : बागबाहरा क्षेत्र में भी चोरी के दो मामले, जांच में जुटी पुलिस

# नगर के रामेश्वरी दुर्गा मंदिर स्थित हनुमान प्रतिमा के मुकुट की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के रामेश्वरी दुर्गा मंदिर स्थित हनुमान मूर्ति से चांदी का मुकुट चोरी होने का मामला सामने आया है। वहीं जिले के बागबाहरा थाना अंतर्गत भी चोरी के दो मामलों सामने आए हैं जिनमें रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पश्चात पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

कोतवाली पुलिस में रणधीर सिंह खनूजा निवासी स्टेशन पारा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि मां रामेश्वरी दुर्गा मंदिर को रोजाना की तरह बंदकर उसके पिता जसपाल सिंह



खनूजा रात्रि 10 बजे घर आ गये। 8 अप्रैल की सुबह करीब 05.30 बजे उसके पिता मंदिर में पूजा करने के लिए गये, तब देखा कि हनुमान मंदिर का दरवाजा खुला हुआ था और अंदर जाकर देखने पर हनुमान जी की मूर्ति में लगा चांदी का मुकुट नहीं था, वहीं एक स्पीकर मंदिर के बाउंड्रीवाल के पास पड़ा मिला, इसके बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा तो कोई अज्ञात व्यक्ति मंदिर के बाउड्रीवाल को फांदकर मंदिर अंदर प्रवेश कर हनुमान मूर्ति में लगी चांदी का मुकुट कीमत करीबन 6500 रुपये को चोरी कर ले जाता दिखा। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए) 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बागबाहरा क्षेत्र में दो चोरियां

बागबाहरा में सरकारी अस्पताल के सामने स्थित दुकान विराट वॉच से घड़ियों की चोरी हुई है। जिसमें एचएमटी कंपनी की 06 नग हाथ घड़ी कीमत 5400 रुपये, 20 नग फैंसी हाथ घड़ी कीमती 5000 रुपये, 150 नग हाथ घड़ी की सेल कीमत 3000, 1 नग प्रेशर मशीन कीमत 1100 रुपए कुल 14500 रुपये को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। मामले में प्रार्थी दीपक नरेड़िया की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। बागबाहरा क्षेत्र में ही घटित चोरी के अन्य मामले में जुनवानी खुर्द (नवाडीह) में सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। बागबाहरा थाने में प्रार्थी अनुज पटेल ने बताया कि 7 अप्रैल की सुबह लगभग 11 बजे वह अपनी पत्नी एवं बच्चों को लेकर मोटर सायकल से शादी कार्यक्रम में ग्राम खट्टी गया था। करीबन दोपहर 1.20 बजे उसके चाचा के लड़का कन्हैया पटेल ने फोन लगाकर बताया कि आपके घर का कपड़ा एवं अन्य सामान इधर उधर बिखरा हुआ है। तब वह वापस गांव आया और देखा तो आलमारी का मेन दरवाजा खुला हुआ था और अंदर का लॉकर टूटा हुआ था। अंदर लॉकर में रखे सोने चांदी एवं रुपये पैसे को चेक किया तो आलमारी में सोने का गुलबंध, सोने का अंगूठी, सोने का पांच पत्ती वाला माल, और चांदी का 03 जोड़ी पायल एवं चांदी का 01 जोड़ी बिछिया, बच्चों का 06 नग चांदी का चूड़ा एवं नगदी रकम 10,000 रुपये कुल कीमत करीबन 75,000 रुपये नहीं थे, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहे दो आरोपियों को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं थाना सिंघोड़ा ने संयुक्त कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 75 हजार रुपए का 11 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस न बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को नशीली पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले लोगो के खिलाफ कार्यवाही तथा सघन चेकिंग अभियान करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके साथ ही परिवहन के उन सभी रास्तों पर जगह व समय बदल-बदल कर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करने निर्देशित किया गया था। 9 अप्रौल को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति दो पिट्ठू बैग मे अवैध मादक गांजा रखकर एनएन 53 रोड ग्राम मुरमुरी चौक में बस का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस स्टाफ ने वहां पहुंचकर उक्त संदेहियों से पूछताछ की। जिस पर उन्होंने पिट्ठू बैग मे गांजा रखना स्वीकार किया तथा उक्त गांजा को संबलपुर ओडिशा से बिहार में खपाने ले जाना बताया। आरोपियों ने अपने नाम मुन्ना सिंह पिता धरीक्षण सिंह (36 साल) चिंतावनपुर थाना सुगौली जिला पूर्वी चंपारण बिहार, राजकुमार सिंह पिता मनोज कुमार सिंह 27 साल निवासीमाधोपुर थाना मंझवलिया जिला पश्चिम चंपारण बिहार का निवासी होना बताये। आरोपियों के कब्जे से कुल 11 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,75,000 रुपए को जब्त कर थाना सिंघोड़ा में अपराध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर ज्युडिशियल रिमांड में भेजा गया।

# मौसम साफ होते ही चढ़ने लगा पारा, अधिकतम 39.5 व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ दोपहर में लू जैसे हालात बन रहे, सड़क पर ट्रैफिक भी कम

पिछले दो दिनों से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। बुधवार का अधिकतम 39.5 व न्यूनतम 24 डिग्री दर्ज किया गया है। तापमान में वृद्धि होने से दोपहर में घर से निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम का मिजाज को देखते हुए अगले कुछ दिनों तापमान में वृद्धि होने सें पारा 40 से 41 डिग्री तक पहुंच सकता है। पिछले हफ्ते आसमान में बादलों की सक्रियता के कारण तेज धूप व लू से लोगों को राहत थी। हल्की बूंदा बांदी के आसार बने हुए थे। वहीं मौसम साफ होते ही फिर तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। बीते गुरुवार का अधिकतम तापमान 34.3 व न्यूतनम 24 डिग्री था। वहीं इस गुरुवार का अधिकतम तापमान बढ़कर 39.5 डिग्री पहुंच गया। रविवार की बात करें तो अधिकतम तापमान में और वृद्धि 39.5 डिग्री दर्ज किए जाने से दोपहर में लू जैसी स्थिति निर्मित रही। लोग घरों से निकलना दूभर हो गया है। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छाने लगा है।





गर्मी में फ्रिज का ठंडा पानी हर घर में उपलब्ध हो। लेकिन, देशी फ्रिज (घड़ा) की बात ही अलग है। गर्मी शुरू होते ही लोग मिट्टी के घड़ों की खरीदी करना शुरू कर देते हैं। शहर में जगह-जगह घड़ों की दुकानें लगाई गई है। लोग घड़े को काफी पसंद कर रहे हैं। घड़े का शुद्ध ठंडा पानी लोगों को आज भी काफी पसंद आता है।

### आने वाले दिनों में लू जैसी स्थिति

मौसम को मद्देनजर रखते हुए नगर में लू जैसी स्थिति आने वाली है। मार्च महीने के अंतिम व अप्रैल महीने के शुरुआत में पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण तापमान में गिरावट आई थी। अब मौसम साफ हो गया है। अब धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। आने वाले दिनों में अधिकतम व तनतम मापमान में और वृद्धि दर्ज की जाएगी। आने वाले दिनों में लू जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है।

### शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

बढ़ती गर्मी के कारण पेय पदार्थों की मांग बढ़ी है। जगह-जगह शीतल पेय पदार्थों की दुकानें लगी हैं। लोगों के बीच गन्ने का रस, नीबू पानी, छांछ, लस्सी व अन्य शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ी हुई है। लोग शहर में निकलने के बाद पेय पदार्थों से गला तर कर रहे हैं। वहीं शहर में अब तक किसी भी सार्वजनिक स्थान पर प्याऊ की व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। लोग ठंडे पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

## जैन समाज ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर लोहिया चौक में किया आयोजन

# शहर में गूंजा नवकार महामंत्र, सभी समाज के लोग शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में परम पूज्य विशुद्धसागर जी म.सा. आदि ठाणा 2 के पावन सानिध्य मे सकल जैन श्री संघ ने लोहिया चौक में सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का भव्य आयोजन किया। सर्वप्रथम चौबिसवें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात गुरु को वंदन किया जाकर मंगलाचरण का श्रवण किया गया। तदोपरांत संस्था के सचिव सीए रितेश गोलछा ने इस आयोजन की रुपरेखा से अवगत कराया।

उन्होंने बताया की यह आयोजन प्रथम बार आयोजित किया जा रहा है। प्रतिवर्ष 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उसके बाद लगभग तीस मिनट नवकार महामंत्र का जाप गुरुदेव के साथ साथ उपस्थित लोगों



द्वारा किया गया। लोहिया चौक के अलावा शहर के मुख्य मार्गों में इस महामंत्र की गूंज रही। महामंत्र के जाप के बाद दिल्ली के आयोजन में उपस्थित देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस मंत्र की महिमा का वर्णन किया, जिसका वर्चुअल प्रसारण लोहिया चौक में किया गया।

प्रधानमंत्री के संबोधन पश्चात परम पूज्य गुरुदेव श्री विशुद्धसागर महाराज ने जनता को संबोधित किया। गुरुदेव ने फरमाया की यह महामंत्र किसी समाज विशेष के लिए ही नहीं अपितु समस्त संप्रदाय के लिए है। इसमें परमात्मा के साथ सर्व सिद्ध, सर्व आचार्य, सर्व उपाध्याय एवं सभी साधु आत्माओं को नमन किया जाता है। उन्होंने बताया की इस महामंत्र के उच्चारण से असीम शांति का अनुभव होता है और समस्त पापों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने ये भी बताया कि इस मंत्र की उत्पत्ति प्रथम तीर्थंकर के पूर्व से हो चुकी थी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में जैन समाज के साधु संतों के आवागमन के दौरान सहयोग करने वाले अन्य संप्रदाय के भव्य आत्माओं का श्रीफल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर बहुमान किया गया। अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद महासमुंद शाखा द्वारा प्रसाद वितरण किया गया एवं श्री शांति विजय गुरु भक्त मंडल द्वारा नवकार मंत्र स्मृति चिह्न भेट स्वरूप प्रदान किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** इस आयोजन में जैन समाज के अलावा सभी समाज के धर्मावलंबी, उद्योगपतिगण, व्यापारीगण, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, सर्व हिंदू समाज के सदस्य, नववर्ष उत्सव समिति के सदस्य, पत्रकारगण, एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक गण बडी संख्या मे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, एडवोकेट प्रलय थीटे, नगर पुरोहित पंकज महाराज, तिलक साव, राहुल चंद्राकर, वनोपज संघ अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, मनोज कांत साहू, देवेंद्र दुबे, हुकुम शर्मा, देवनारायण सिंह बीसेन, भरत चंद्राकर, विक्रम सिंह ठाकुर, अग्रज शर्मा, ऐजाज नकवी, ताराचंद चांडक, मूलचंद लड्ढा, बद्री नारायण माहेश्वरी, नारायण सिंह गुरुदत्ता, मंजू चंद्राकर बेलसोंडा, अरुणेंद्र धर दीवान, पार्षद मनीष शर्मा, एडवोकेट भरत साहू, सुनील पाटिल, मनीष श्रीवास्तव, रविन्दर सिंग गुरुदत्ता, अवतार सिंग गुरुदत्ता, दिलीप सिंग गुरुदत्ता, बबलू चावला, श्री मति लक्ष्मी देवांगन, पार्षद सीता तोंडेकर, संदीप साहू, पवन देवांगन, संजय शर्मा, अनूप उपासे, संदीप घोष, मनिषकांत साहू, पार्षद माखन पटेल, श्रीमति राजश्री ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंच का संचालन सीए रितेश गोलछा ने किया।

Apollo Hospitals
Hyderabad Renowned CTVS Surgeon in Raipur

B - 25, Bagrecha Nursing Home, Katora Talab Road, Shailendra Nagar.
12:00 PM - 4:00 PM
For Appointment, Call: +914069321073 +919425577666



Dr Nagesh A
MBBS, MS, MCH (Cardiac Surgery)
Sr. Consultant - Cardiac, MICS & Heart Transplant Surgeon

Consult the doctor, if you are facing with the below conditions.
- Aortic valve disease
- Coronary artery disease
- Sick sinus syndrome
- Atrial Fibrillation
- Pericardial effusion
- Hole In The Heart
- Cardiomyopathy
- Pulmonary Hypertension
- Congenital Heart Surgery

खबर संक्षेप

## सुशासन तिहार में लापरवाही बरतने कारण बताओ नोटिस जारी

**महासमुंद।** सुशासन तिहार-2025 में सौंपे गए दायित्वों का पालन नहीं करने के संबंध में सहायक ग्रेड 02 राजेश प्रधान घुंचापालीकला, (बागबाहरा) को अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने जारी नोटिस में कहा गया है कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन 08 अप्रैल 2025 से किया गया है। जिसके प्रथम चरण में 08 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल 2025 तक आमजनों से मांग/ शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त किये जाने हेतु आपकी ड्यूटी ग्राम पंचायत घूंचापालीकला में लगाई गई है। 08 अप्रैल को क्लस्टर प्रभारी द्वारा भ्रमण के दौरान वे अनुपस्थित पाये गये एवं रोजगार सहायक द्वारा आपके अनुपस्थिति के संबंध में पुष्टि की गई। आपका यह कृत्य उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का प्रतीक और सिविल सेवा आचरण नियम 1965 (3) (1) के विपरीत है। प्रधान को अपना जवाब तीन कार्यालयीन दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है। अनुविभागीय अधिकारी, बागबाहरा उमेश साहू ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी सुशासन तिहार में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन भली भांति और जिम्मेदारी पूर्वक करना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार कारवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कलेक्टर विनय लंगेह ने सुशासन तिहार में लापरवाही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## हनुमान प्राकट्य दिवस पर चर्रा में शोभायात्रा निकलेगी

**कुरूद।** इस वर्ष भी श्री हनुमान प्राकट्य दिवस पर 12 अप्रैल को श्री दक्षिणमुखी पंचमुखी हनुमान मंदिर बजरंग चौक चर्रा में सुबह पूजा, आरती हवन यज्ञ, 12 बजे सामूहिक सुन्दरकांड का पाठ, प्रसादी भण्डारा और भव्य शोभायात्रा रामदरबार झांकी के साथ निकाली जायेगी जो ग्राम भ्रमण के बाद वापस श्री दक्षिणमुखी पंचमुख हनुमान मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी।

### कुपोषण मुक्त भारत : अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम

# पोषण पखवाड़े के अंतर्गत सुपोषण चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




'कुपोषण मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

आयोजन अंतर्गत कुपोषण से मुक्ति, स्वास्थ्य, खान पान और व्यक्तिगत सफाई आदि से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जन-सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर आज शहरी परियोजना अंतर्गत संजय नगर वार्ड और विश्वकर्मा नगर वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें जन सहभागिता अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर परियोजना के तहत प्रवीण जैन, योगेंद्र साहू और स्वयं सेवी संस्था मन्नत सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अंजिता सबलोक, समर्थ और पर्व सबलोक मौजूद थे। गौरतलब है कि एसबीआई द्वारा इन केंद्रों को गोद लिया गया है।

यहां विभिन्न जन-जागरूकता एवं सुपोषण चौपाल लगाकर गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर शहरी पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि पखवाड़े के तहत संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण, शिशु एवं किशोरियों के स्वास्थ्य जैसे अहम विषयों पर समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा गली मोहल्लों में जाकर हाथ धुलाई की छह चरणों का प्रदर्शन किया गया और व्यक्तिगत स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल जानकारी प्रदान करना है, बल्कि व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाकर कुपोषण को स्थायी रूप से समाप्त करना है।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद ओमीन कागजी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजू चंद्राकर, रूपा भारती, ललिता, सावित्री, भारती, आंगनबाड़ी सहायिका ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगामी दिनों में पोषण रैली, जनसंवाद, पोषण आधारित खेलकूद व जागरूकता शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से पखवाड़ा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मनाया जाएगा।

# 78 जरूरतमंदों के लिए 10-10 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के 78 जरूरतमंदों के लिए चिकित्सा एवं शिक्षा हेतु 10-10 हजार रुपए के मान से कुल 7 लाख 80 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें बसना विकासखंड अंतर्गत चिकित्सा के लिए बसना के मनोज साहू, दिग्विजय सिंह, गिरधारी परमार, ग्राम हबेकांटा के समीर बेहरा, त्रिलोचन भोई, बरडीह के योगेश कुमार, कुड़ेकेल के रविंद्र साव, पदरडीह के जयप्रकाश लोहा, बाराडोली की ज्योति जगत, सराईपाली के प्रमित साहू, संकरी के नरसिंग मांझी, छोटेडाभा के प्रकाश साव, बड़ेलोरम के तुलाराम नायक, सिंघनपुर की सिंधु कुमारी भोई, बंसुला के उपेंद्र साव, धनापाली के कमलध्वज पटेल, बरगांव के राजेश प्रधान, संकरी के मोहित पटेल, नौगड़ी के मोहरसाय ओगरे, बिजराभांठा के संतलाल नायक, कमलीदादर के टिकेश्वर सिदार, अंकोरी के महेन्द्र प्रधान, गढ़फुलझर के हरजिंदर सिंह, कुरचुंडी के भोजकुमार साव, रसोड़ा के बसंत कुमार बारिक, बरडीह के रोहित प्रधान, गुढ़ियारी के रणजीत नायक एवं ग्राम सोनामुंदी के खोलबाहरा निराला हेतु तथा शिक्षा के लिए ग्राम बंसुला के त्रिदेव पटेल, चिमरकेल की अर्चना विश्वास, बसना के प्रेमसागर दास, बिंटागीपाली के मुकुंद साव, गढ़पटनी के लाला अमरनाथ के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई है।

पिथौरा विकासखंड अंतर्गत चिकित्सा हेतु ग्राम बड़ेलोरम के तुलाराम नायक, गिरना के विनोद बारिक, सुखीपाली के पदुम साहू, सुधीर प्रधान, गौरिया के रसीक प्रधान, सांकरा के सोनु छाबड़ा, विजय चौधरी, विक्रम अग्रवाल, सपोस के कमलेश डड़सेना, डोंगरीपाली के प्रहल्लाद बुड़ेक, सलडीह के विवेकानंद सतपथी, पिरदा के शिशुपाल प्रधान, ताला के बीरेंद्र प्रधान, भीखापाली के गोपाल गढ़तिया, तिलकपुर के भरत चौधरी, जगदीशपुर के मंजीत कन्हेर, लाखागढ़ के लक्ष्मी दीप, लावामौहा के खेमसागर नायक, पिरदा के ललित साहू, ग्राम पथरला के अजय प्रधान, जबलपुर के श्यामलाल पटेल, लाखागढ़ के बालमुकुंद साहू, गोपालपुर के तरूण सोनी, अमलीडीह के चमन सेन, जम्हर के रामेश्वर दास, खुसरूपाली के ओमप्रकाश दीवान, भिथिडीह के परशुराम कन्नौजे, मुरलीधर यादव के लिए तथा शिक्षा हेतु ग्राम रामपुर के यादराम रातड़े, सांकरा के राकेश दास, किशनपुर के सतीश प्रधान, जगतराम प्रधान, शोभाराम बरिहा, गोपालपुर के मुकुंद यादव, सुखीपाली के कन्हैया प्रधान, प्रेमशंकर प्रधान, भीखापाली के रेशमलाल प्रधान, चनौरडीह के ज्ञानेश साहू, सल्डीह के श्वेतराम प्रधान, ढोढरकस के संपत प्रधान, पिथौरा के सतप्रीत सलुजा, जतिन ठक्कर, कोमल मोहंती, सचिन रोहिल्ला के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं के दो फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद स्वीकृत राशि का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किया जाएगा।

# बारनवापारा में सुशासन तिहार 2025 का रंगारंग शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

सुशासन तिहार 2025 के तहत तीन

- जनपद सदस्य दुर्गावती ठाकुर ने फीता काटकर की शुरुआत,



चरणों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मंगलवार, 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत भवन बार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 20 कसडोल दुर्गावती ठाकुर ने सरपंच-पंचों की उपस्थिति में फीता काटकर किया।

सुशासन तिहार के पहले चरण में लोगों से उनकी मांगों व शिकायतों के आवेदन पत्र पंचायत भवन में स्थापित पत्र पेटी के माध्यम से प्राप्त किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 13 अप्रैल से लेकर माह के अंत तक इन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

अब तक दो दिवसों में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें पहले दिन 2 और दूसरे दिन 43 आवेदन शामिल हैं। कार्यक्रम की सफलता हेतु पंचायत सचिव सुनैना चौहान को प्रभारी नियुक्त किया गया है। सुशासन तिहार के अंतर्गत अधिकारियों का गांव-गांव निरीक्षण भी प्रारंभ हो गया है। मंगलवार को एसडीएम राम रतन दुबे ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ सीईओ जनपद पंचायत कमलेश साहू, तहसीलदार निवेश कुरेटी, क्लस्टर अधिकारी दुष्यंत आडिल, चैतन्य अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और शासन की पहल को जनहित में उपयोगी बताया।

## आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** महासमुंद विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप ग्राम सरपंच पार्वती पटेल अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद एवं विशेष अतिथि के रूप में संकुल समन्वयक राजू देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर की गई। कक्षा छठवीं की छात्रा रश्मि, रागिनी, पूनम कोमल द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत गुलाल से तिलक लगाकर एवं बुके, श्रीफल भेंटकर किया गया। स्वागत एवं विदाई गीत रागिनी, आरती एवं यामिनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण शाला के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर एवं मंच संचालन यामिनी सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किए गए। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू द्वारा अपने उद्बोधन में माता-पिता और गुरु का सम्मान करने की बात कही गई। शिक्षक अमर साहू ने अपने विचार में विद्यार्थियों को जीवन के नये मार्ग एवं उच्च शिखर में बढ़ने हेतु प्रेरित किया। सरपंच पार्वती पटेल ने छात्र-छात्राओं की सर्वांगीण विकास को लेकर प्रेरणादायक बातें कही एवं उनके द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा आठवीं में प्रथम आने वाले विद्यार्थी को 1001 रुपए की पुरस्कार देने की घोषणा की गई। विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें गुब्बारा फुलाओ, फूला गुब्बारा बचाना, आंख बंद कर मेकअप करना, पर्चियों के माध्यम से कलाकारों के डायलॉग, गीत, महापुरुषों के प्रेरक नारे, सुविचार आदि प्रस्तुत किया गया। सभी बच्चों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। शाला में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। सभी विद्यार्थी को फाइल एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा संस्था को स्मृति चिन्ह के रूप में विद्या की देवी माता सरस्वती की मूर्ति भेंट किया गया।

# नगर पालिका उपाध्यक्ष राठी ने राजस्व वसूली की जानकारी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर से राजस्व विभाग की वसूली की जानकारी ली। 31 मार्च तक पुराना और वित्तीय वर्ष की वसूली 751 लाख में मात्र 321 लाख रुपए के लगभग हुई जो 50 प्रतिशत से भी कम है। प्रभारी को निर्देश दिया गया कि छग शासन ने वसूली के लिए 1 माह का समय बढ़ाया है। इस माह के अंदर ज्यादा से ज्यादा वसूली संपत्ति व समेकित कर की करें। श्री राठी ने छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का धन्यवाद ज्ञापित किया कि पूरे प्रदेश में नगरीय निकायों की वसूली के लिए एक माह का अतिरिक्त समय दिया गया अब एक माह तक वसूली में अतिरिक्त भार नहीं लगाया जाएगा। पहली बार जनता को टैक्स जाम करने में छूट मिली है। पिछली कांग्रेस सरकार ने किसी प्रकार की छूट नहीं दी थी। शहर में जलकर की बकाया ज्यादा है। जल विभाग से वसूली पर ध्यान देने कहा। राठी ने शहर की जनता से अपील करते हुये कहा कि छग शासन ने संपत्ति कर वसूली में एक माह का इजाफा किया है, ऐसे में शीघ्र ही अपने जलकर, समेकित व सम्पत्ति कर जमा कर नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें।

# सुशासन तिहार 2025 के पहले दिन महासमुंद में 11940 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2025 की शुरुआत महासमुंद जिले में जबरदस्त उत्साह और भागीदारी के साथ हुई। पहले ही दिन जिले भर से कुल 11, 940 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश नागरिकों की मांगों, जनसेवाओं और सुविधाओं से संबंधित रहे। खास बात यह रही कि शिकायतों की संख्या बेहद कम रही यह इस बात का प्रतीक है कि आम जनता सरकार की योजनाओं और कार्यप्रणाली में भरोसा जता रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में सुशासन तिहार के दूसरे दिन भी आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरे जोश के साथ जारी है, जो 11 अप्रैल तक चलेगी। यह आयोजन न सिर्फ शासन और जनता के बीच सेतु बन रहा है, बल्कि एक सक्रिय, जवाबदेह और भरोसेमंद प्रशासन की ओर कदम भी है। जनपद पंचायत महासमुंद में 3232, जनपद पंचायत सरायपाली में 2625, जनपद पंचायत पिथौरा में 2413, जनपद पंचायत बागबाहरा में 1525 और जनपद पंचायत बसना में 1532 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार से नगरीय निकायों से प्राप्त आवेदनों में नगर पालिका परिषद महासमुंद अंतर्गत 72 आवेदन, नगर पालिका परिषद सरायपाली में 65, नगर पालिका परिषद बागबाहरा में 78, नगर पंचायत तुमगांव में 14, नगर पंचायत बसना में 206, नगर पंचायत पिथौरा में 104 और कलेक्टर कार्यालय महासमुंद में 74 आवेदन प्राप्त हुए। इस अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना है। पहले दिन प्राप्त आवेदनों से यह स्पष्ट है कि सुशासन तिहार जनता से सीधे संवाद और समाधान का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है।

# रामायण हमें सिखाता है पुत्र व भाई का कर्तव्य पालनः निखिलकांत

### ग्राम मोरधा के मानस गान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




ग्राम मोरधा में त्रिदिवसीय मानस गान समारोह का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। सर्व प्रथम आयोजन स्थल पर श्री साहू का आयोजन समिति के पदाधिकारियों व युवाओं ने भव्य स्वागत किया।

भगवान श्री रामचंद्र की पूजा कर नपाध्यक्ष ने क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में श्री राम चरित मानस जैसे भक्तिमय आयोजनों की महती आवश्यकता है। आज युवा पीढ़ी नशे जैसे बुराई के गिरफ्त में आकर अच्छे बुरे का पहचान भूल चुके हैं। नशा एक सामाजिक बुराई है, इससे घर परिवार तो बर्बाद होता ही है, साथ ही समाज में भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे समय में भगवान श्री राम तथा रामायण के पात्रों के चरित्र से हमें सीखने की जरूरत है। आज बेटा अपने पिता को आंख दिखाता है, भाई–भाई में संपत्ति के लिए विवाद हो रहे हैं। ठीक इसके विपरीत रामायण के पात्र महात्मा भरत से हमे भाई का कर्तव्य, त्याग, समर्पण और भाई के प्रति प्रेम की सिख मिलती है। महात्मा भरत ने भैया राम के लिए राज गद्दी त्याग कर स्वयं तपस्वियों की भांति 14 वर्ष तक जीवन व्यतीत किया। वहीं पिता की आज्ञा का पालन करना भगवान श्री राम हमें सिखाता है। उन्होंने अपने पिता महाराज दशरथ के वचन की लाज रखने 14 वर्ष का वनवास काटा। भैया लक्ष्मण भी त्याग की प्रतिमूर्ति है।

श्री साहू ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में रामायण का अनुसरण करना अनिवार्य है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविंद साहू पूर्व सदस्य जिपं, डॉ परमानंद साहू, चंपेश्वरी हेमंत साहू सरपंच, ईश्वर साहू, राजू साहू पूर्व पार्षद, रत्नेश साहू, कुणाल सेन, आकाश ठाकुर, आशीष सिक्का सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को मनाया जायेगा। जसबीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष भगवान हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। करीब 32 वर्ष पहले ग्राम के जसबीर सिंह गुरुदत्ता, कृष्णमोहन अग्रवाल, धनीराम विश्वकर्मा एवं गांव के अन्य सहयोगियों द्वारा यह जन्मोत्सव प्रारंभ किया गया था।

# स्काउट गाइड जिला संघ ने किया प्याऊ सेवा केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** बुधवार को डा.सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त एवं कैलाश सोनी राज्य सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के दिशानिर्देशन के परिपालन एमआर सावंत जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त एस व अमी रूफ़स जिला आयुक्त गाइड के मार्गदर्शन में श्रीराम पूर्व माध्यमिक शाला पिटियाझर महासमुंद के सामने बजरंग बली मंदर के पास में जिलाध्यक्ष येतराम साहू, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, राहुल चंद्राकर राज्य मुख्यालय आयुक्त, दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार, जिला उपाध्यक्ष गण, एस चंद्रसेन, जय पवार, आनंद साहू , सुधा साहू, ताराचंद चांडक द्वारा सभी ने मिलकर प्याऊ घर का फीता काटकर शुभारंभ किया । विदित हो कि ग्रीष्मकालीन समय में ग्रामीण जन एवं राहगीर बड़े तादाद में प्रतिदिन शहर में आकर स्वच्छ जल के लिए तरस जाते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए जिला एवं नगर स्काउट्स एवं गाइड्स संघ महासमुंद विगत कई वर्षों से वरिष्ठ स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य के अंतर्गत दो माह प्याऊ सेवा केंद्र चला कर सेवा करते हैं। इस प्याऊ सेवा केंद्र में श्रीराम पाठ शाला के स्काउट्स एवं गाइड्स लीनू चंद्राकर डीओसी के मार्गदर्शन में बारी-बारी से राहगीरों पानी पिलाने का कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष येत राम साहू ने अपने उद्बोधन में स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स के प्याऊ सेवा केंद्र में सेवा कार्य को अनुकरणीय व सराहनीय कदम बताया साथ ही राहगीरों को इस भीषण गर्मी में पीने योग्य जल भी उपलब्ध होगा किसी प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का काम है। इस अवसर पर महेंद्र सिक्का, उत्तरा प्रहरे, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे पूर्व जिला सचिव राम कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीलू चंद्राकर, पूर्व डीटीसी मधु शर्मा, उर्मिला मरकाम प्रधान पाठक माध्यमिक शाला श्रीराम एवं कुंती देवांगन, यशोदा तिवारी, लक्ष्मी मानिकपुरी, गीता गोस्वामी, किशोर देवांगन, चमेली चंद्राकर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, हेमंत चक्रधारी, देव ध्रुव में साथ श्रीराम पाठशाला एवं सेजेस नयापारा के स्काउट्स एवं गाइड्स उपस्थित रहे। उक्त विज्ञप्ति जिला सचिव प्रमोद कन्नौजे एवं जिला मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर ने संयुक्त रूप से दिया।

# मानस गान सम्मेलन में सीता हरण प्रसंग पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन चल रहा है। 9 अप्रैल को शिव राम मानस मंडली एवं महर्षि वाल्मीकि मानस मंडली एवं सुर गंगा मानस मंडली एवं जय मां खललारी मानस मंडली एवं भगवान भरोसा मानस मंडली की टीकाकार ने लोगों को सीता हरण की टीका बताते हुए कहा मारीच की मदद से सीता का अपहरण किया था। रावण ने पहले मारीच को सोने के हिरण के रूप में भेजा, जिससे राम और लक्ष्मण उसका पीछा करने चले गए, और फिर रावण ने सीता का अपहरण कर लिए यहां सीता हरण की घटना का विवरण दिया गया है। रावण ने अपने मामा मारीच के साथ मिलकर सीता को हरण करने की योजना बनाई थी। मारीच ने सोने के हिरण का रूप धारण किया और राम और लक्ष्मण को वन में ले गया।

लक्ष्मण ने अपनी लक्ष्मण रेखा को सीता की रक्षा का दायित्व सौंपा और लक्ष्मण ने कुटिया के चारों ओर लक्ष्मण रेखा खींची। और जब राम हिरण का पीछा करने गए, तो रावण ऋषि के वेश में आया और माता सीता को हरण कर लिया।

पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन में जुटे हुए हैं अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, ज्ञानिक यादव, अर्जुन चंद्राकर, गजधर चंद्राकर, मोती लाल चंद्राकर, लता चंद्राकर, कालिंद्री चंद्राकर, कुमारी बाई, संतोषी चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, आज मंच का संचालक नेहा चंद्राकर के द्वारा किया गया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## सतनाम नवजागरण अभियान की हुई शुरूआत

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के द्वारा पूरे जिले में सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृति, आर्थिक, राजनीतिक जागरूकता समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाने सतनाम नवजागरण अभियान चलाने की निर्णय लिया गया था जिसकी शुरुआत बागबाहरा ब्लॉक के सुअरमाल परिक्षेत्र एवं लामी परिक्षेत्र की पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक बंधापार रखकर किया गया। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समाज की आर्थिक शैक्षणिक रोजगार की वास्तविक डाटा समाज के पास एकत्रित करने हेतु ग्राम कमेटी का गठन कर सामाजिक सर्वे करने की निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने सामाजिक रूप से संगठित होने की अपील की। सतनाम संस्कृति की गांव-गांव तक प्रचार प्रसार करने और गुरु घासीदास बाबा के सिद्धांत अनुरुप समाज को जागरूक करने के साथ धर्मांतरण जैसे विपदा से रोकने जिला सचिव रेखराज बघेल ने निवेदन किया। बैठक को जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार गायकवाड़, घनश्याम जांगड़े, ब्लॉक अध्यक्ष चिंता साय, संरक्षक डोमन टंडन, अठगवां परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सोमन खुंटे, रेखराम घृतलहरे ने भी समाज के लोगों को संबोधित कर प्रशिक्षण दिया। बैठक में सोनू टंडन युवा अध्यक्ष, देवेंद्र टंडन, बुधारु महिलांग, धनेश टंडन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हैदराबाद कांचा गाची बावली के 400 एकड़ जंगल में कटाई रोकने राष्ट्रीय वेबिनार

## शीघ्र ही दिल्ली जंतर मंतर में होगा धरना, सरकार से आदेश वापस लेने पुरजोर करेंगे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भौगोलिक विश्लेषण के अनुसार, 30 मार्च से 2 अप्रैल के बीच लगभग 2 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के जंगल और वनस्पतियों को नष्ट कर दिया गया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 50 से अधिक अर्थमूविंग मशीनों को रंगारेड्डी जिले के कांचा गचीबोवली में सफाई अभियान के लिए तैनात किया गया था, हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी (एचसीयू) कैंपस के पास 400 एकड़ में फैले विशाल हरित क्षेत्र कांचा गचीबोवली जंगल में पेड़ों की कटाई कर दी गई। इस इलाके को हैदराबाद के ₹लंग्सर₹ यानी फेफड़े के रूप में जाना जाता है, सैटेलाइट इमेज से पता चला है कि पिछले हफ्ते आईटी पार्क के निर्माण के लिए इस क्षेत्र के पेड़ों को हटाया गया है।

इस विनाशकारी परियोजना के खिलाफ हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र, संकाय सदस्य और पर्यावरणविद् लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. इसके बाद तेलंगाना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने 400 एकड़ भूमि पर चल रहे कटाई अभियान पर सरकार से जवाब तलब किया है और अगली सुनवाई 16 अप्रैल को प्रस्तावित है। तेलंगाना का वन विनाश सुर्खियों मैं है। हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर चिल्ला रहा है क्योंकि उसका घर हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर के पास का जंगल नष्ट किया जा रहा है। जीव प्राणी अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहे है तेलंगाना की सरकार सिर्फ़ पेड़ नहीं काट रहे हैं, वे जीवन, प्रकृति और मानवता को कुचल रहे हैं।



राष्ट्रीय जंगल एवं प्रकृति बचाओ अभियान भारत के बैनर तले देश के अलग-अलग राज्यों से पर्यावरण प्रेमी ने ऑनलाइन जूम मीटिंग के माध्यम से तेलंगाना के जंगल को बचाने की रणनीति बनाई इसमें सभी राज्यों के पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि हम सड़क से लेकर संसद तक हर स्तर पर पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे हम जहां रह रहे हैं वहां से तहसील, जिला राज्य एवं केंद्र स्तर मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन प्रेषित करेंगे। सरकार से हमारी अपील है कि विकास के नाम पर किए जा रहे विनाश को रोका जाए जहां एक और प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ मां के नाम से अभियान चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर रातों-रात अंधाधुंध पेड़ों की कटाई जारी है। अपील है कि प्रकृति के विनाश को रोकने के लिए सरकार अपनी अहम भूमिका निभाए।

राष्ट्रीय जंगल एवं प्रकृति बचाओ अभियान भारत के संगठन के द्वारा किए गए वेबीनार में उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हैदराबाद, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ से 30 पर्यावरण प्रेमी सहित अन्य मौजूद रहे। मीटिंग का संचालन राष्ट्रीय जंगल एवं प्रकृति बचाओ अभियान भारत संगठन के फाउंडर मेंबर अनुराग बिश्नोई के द्वारा किया गया एवं विषय वस्तु को राजेश यादव (फाउंडर मेंबर रॉ.ज.ब.अ.भ) के द्वारा रखा गया। साथ ही शामिल पर्यावरण प्रेमी मनोज डागा, पीयूष बिश्नोई, रामकुमार बघेल, प्रियांशु, नैपाल सिंहपाल, पूनम खन्ना, डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, गौरव बिश्नोई, प्रदीप गुप्ता, वीरेंद्र, राजकुमार विश्नोई, मनु राजा, सिद्धांत, पूजा, प्रभा गौर, संजय कुमार, आसिफ मंसूरी, रत्नेश रागी, दीपाली सिंह, जितेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार पाठक, गरिमा सिंह सहित अन्य ने ज्ञापन की रूपरेखा विषय वस्तु में भूमिका निभाई। उपरोक्त जानकारी पर्यावरण प्रेमी डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## दिवस : एनएसयूआई का 55 वां स्थापना दिवस मनाया गया

# छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने हुआ था एनएसयूआई का गठनः साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आज एनएसयूआई का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें एनएसयूआई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने एनएसयूआई का ध्वज फहराकर एनएसयूआई के गठन के उद्देश्यों को बताया। सर्वप्रथम एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं व कांग्रेसजनों द्वारा एनएसयूआई के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। पश्चात केक काटा गया। इस दौरान नपाध्यक्ष श्री साहू ने एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर सभी सदस्यों को कहा कि छात्र हितों की रक्षा हेतु एनएसयूआई सदैव तत्पर रहता है। एनएसयूआई का समर्पण और नेतृत्व छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह संगठन निरंतर छात्रों के कल्याण के लिए कार्य करता रहेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के अपने प्रयासों में सफल होगा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी द्वारा 55 वर्ष पूर्व 1971 में एनएसयूआई के गठन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों के नेतृत्व क्षमता विकास तथा उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने इस इकाई का गठन किया गया।



कार्यक्रम को खिलावन साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण), सोमेश दवे, जसबीर ढिल्लो, प्रदीप चंद्राकर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी, शुभम चंद्राकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर सोमनारायण साहू, कान्हा प्रधान, आयुष भोसले, पुष्कर साहू, युवराज कन्नौजे, पवन कनौजिया, हिमांशु निर्मलकर, मोहित यादव, गोलू यादव, प्रियांशु चंद्राकर, विक्की चंद्राकर, बबलू कनोजे, पप्पू कनोजे, होरीलाल साहू, सोमेश्वर साहू, दामू साहू, निहाल साहू, निखिल साहू, अवि चंद्राकर, फैलेश साहू आदि उपस्थित थे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेताओं को पुरस्कार वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गायत्री शक्तिपीठ, महासमुंद में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का ब्लाक स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह गरिमामय एवं स्नेहिल वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश अदलखा जी, शांतिकुंज प्रतिनिधि, ललित मेश्राम, शशिप्रभा थिटे, नरेंद्र नायक, एवं हीरालाल साहू मंचासीन रहे। यह परीक्षा कक्षा 5 से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए 9 वर्गों में आयोजित की जाती है। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रवीण्य प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस वर्ष जिले से 11,000 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया जिसमें महासमुंद ब्लॉक से 3752 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, परीक्षा के सफल संचालन में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को सत्संकल्प पाठ के साथ नशा मुक्ति हेतु संकल्प कराया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा प्रति वर्ष आयोजित की जाती है। यह परीक्षा देशभर में 11 से अधिक भाषाओं में 22 राज्यों में संपन्न होती है तथा इसमें प्रतिवर्ष लगभग 40 लाख छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं।

इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, जीवन आदर्शों, आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्रप्रेम का विकास करना है। यह परीक्षा छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण, आत्मबल, अनुशासन एवं चारित्रिक उत्थान में सहायक सिद्ध होती है। मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में संस्कृति के महत्व और इस प्रकार की परीक्षाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और आयोजन समिति के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। जिला संयोजक आशीष साहू, भारत साहू ने सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को बधाई दी है।



**खबर संक्षेप**

## एलपीजी के दाम बढ़ाना गरीबों के साथ खिलवाड़



महासमुंद। मोदी सरकार ने 50 रूपए गैस टंकी बढ़ाकर गरीबों के साथ खिलवाड़ किया है, उज्वला योजना में भी गैस का रेट बढ़ा है। मोदी सरकार द्वारा प्रतिदिन लाखों रुपए जीएसटी के द्वारा कमाया जा रहा है। पेट्रोल एवं गैस दुनिया में सबसे ज्यादा महंगा भारत में ही है और इसके बावजूद कीमत बढ़ाया जा रहा है भारत में इन चीजो का उपयोग गरीब से गरीब जनता से लेकर सभी करते हैं! आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि यह गरीबों के साथ सरासर अन्याय है। आम आदमी पार्टी इसका विरोध करती है और सरकार से आवेदन करती है कि गैस टंकी में जो वृद्धि हुई है इसको कम करें।

## धूमा में मानसगान स्पर्धा 11 से

सिर्री। ग्राम पंचायत धूमा में श्रीराम मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान एवं संगीतकला प्रतियोगिता 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित की गई है। शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में अजय चंद्राकर विधायक कुरूद उपस्थित होंगे। अध्यक्षता विद्या रामजी साहू सरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में केवल साहू, चमन साहू ,ओंकार साहू, मोहनलाल, नरेशर, डीलेश्वर साहू, राजकुमार साहू, रामेश्वर साहू, घनाराम, जगतराम, सेवाराम जुटे हुए हैं।

**बैठक : भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में शंकर अग्रवाल शामिल**

# निष्ठावान कार्यकर्ताओं की वजह से समय पर पूरी होती है हर जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा

- पिथौरा के विश्रामगृह में आयोजित हुई बैठक

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व से आए कार्यक्रमों में आज भाजपा मंडल पिथौरा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन स्थानीय विश्राम गृह में संपन्न हुआ।

सक्रिय सदस्य सम्मेलन में प्रमुख रूप से उपस्थित प्रदेश के नेता शंकर अग्रवाल, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष देवेश निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीत राम सूर्ये, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, जिला पंचायत महासमुंद की पूर्व अध्यक्ष उषा पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सेतराम पटेल ने बैठक की शुरुवात भाजपा के महापुरुष डॉ श्यामा मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र में माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर की।

भाजपा मंडल पिथौरा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के नेता शंकर अग्रवाल ने कहा की प्रदेश नेतृत्व से आए हर कार्यक्रम को हमेशा की तरह पिथौरा मंडल समय में पूरा करता है जिसके लिए आप सभी कार्यकर्ता मेहनत करते है तभी यह संभव हो पाता है जैसे तीन दिन पूर्व ही भाजपा का स्थापना दिवस भाजपा मंडल पिथौरा के पूरे 49 पोलिंग बूथ पर संपन्न हुआ। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी दो सांसद से शुरुवात कर भारत देश में तीन बार लगातार मोदी सरकार तथा छत्तीसगढ़ में पंद्रह वर्षों तक रहने के बाद पुनः अगर हमारी छत्तीसगढ़ में सरकार की वापसी हुई है तो आप सभी भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं के बदौलत हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ की हड्डी हैं। लंबे समय तक हमारे विचारधारा की सरकार पंचायत से लेकर संसद तक रहे ये बेहद जरूरी है की हमारा सशक्त संगठन बूथ स्तर पर हो यही आप सभी से अपेक्षा है।

सक्रिय सदस्य सम्मेलन में स्वागत भाषण देते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा की आप सभी मंडल के कार्यकर्ता साथियों की अथक मेहनत से पिथौरा मंडल में हर कार्यक्रम अत्यधिक रूप से सफल होता है हमेशा से पिथौरा मंडल का नाम जिला तथा प्रदेश में अव्वल रहा है ये सभी सफलता आप जैसे सामने बैठे देवतुल्य एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं की वजह से संभव होता है इस परंपरा को हमको आगे भी बना कर रखना है आज के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में आप सभी इतनी बड़ी संख्या में पधारे मैं आप सभी का दिल से स्वागत वंदन अभिनंदन करता हूं।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आज गांव गांव में भारतीय जनता पार्टी की अलग पहचान है अपने काम के दम में ग़रीब जनता का सहयोग करने वाले आप सभी भाजपा के कार्यकर्ता का नाम है आप सभी भाजपा के कार्यकर्ता केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ग़रीब जनता को दिलवाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करे ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारी सरकार का लाभ पहुंच सके। बैठक का संचालन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री अशोक चौधरी ने किया।





**ये रहे उपस्थित**

बैठक में प्रमुख रूप सेअनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियरंजन कोसरिया, मंडल महामंत्री अशोक चौधरी, श्रीमती किरण अग्रवाल, आलोक त्रिपाठी, जतिन ठक्कर, सुरेश बंसल, दुर्गेश सिंह, कुलदीप अग्रवाल, मनमीत छाबड़ा, मंडल कोषाध्यक्ष विश्वनाथ प्रधान, राजकुमार विशाल, सतीश प्रधान, सुधीर प्रधान, गोविंद पटेल, पंचराम मटियारा, प्रकाश विशाल, रामप्रसाद बारिक, तक लाल यादव, गजराज, देव कुमार सिंह, किशोर पटेल, पार्षद भीम रोतिया, पार्षद संदीप सेन, पार्षद पुष्प कांत पटेल, मधुरिमा पांडे, पार्षद कौशल दास मानिकपुरी, कांतसोनी बबलू, बाबा सिकंदर, मनोज गोयल, राजेश अग्रवाल, जीतू, मनमोहन जैन, राम प्रसाद साहू, रामू कन्हैया निषाद, सुमित सिंगल, बिट्टू जितेंद्र गुप्ता, इंद्रजीत सिन्हा, नारायण सिंह, दीपक गौतम पटेल, श्रीमती ललित डड़सेना, पार्षद श्रीमती रामकुमार सिन्हा, कुलदीप अग्रवाल, श्रीमती निर्मला पिंपलकर, श्रीमती वर्षा सोनी, अंजली पांडे, भानु प्रताप, भावना पटेल, सत्यनारायण पटेल, शिवकुमार पटेल उपस्थित रहे।

## राम राज परिवार द्वारा निकाली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

- राम नवमी के अवसर पर आयोजित किए गए कई कार्यक्रम, बाइक रैली निकली

रामनवमी के पावन पर्व पर राम राज परिवार द्वारा रामनवमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम राज परिवार सरायपाली के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमे पहले दोपहर 3 बजे सैंकड़ों की संख्या में बाइक रैली निकाली गई तत्पचात संध्या 6 बजे शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जय डीजे, रायपुर का प्रसिद्ध कान्हा कृपा धुमाल के साथ विशाल खाटू श्याम जी की झांकी एवं राम जी की झांकी सम्मिलित रही। संपूर्ण कार्यक्रम में राम जी की प्रतिमा की ग्रैंड लॉन्चिंग भव्य आतिशबाजी के साथ एवं बनारस से आए पंडितों द्वारा आरती की गई जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

शोभायात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होते हुए बस स्टैंड से होकर जय स्तंभ चौक से गुजरकर गुरुनानक चौक से दुर्गा मंदिर के पश्चात बाजार पारा होकर नगर भ्रमण कर पुनः जय स्तंभ चौक आई जिसके बाद श्रीराम जी की भव्य प्रतिमा की ग्रैंड लॉचिंग हुई भव्य आतिशबाजी एवं धूमल के धुन के साथ, बनारस से आए पंडितों द्वारा महाआरती कर जय श्री राम के जयकारे के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। इस शोभायात्रा को देखने अंचल के कई गांव से राम भक्त पहुचे थे एवं नगरवासियों को अत्यधिक मनोनित लगी उनका कहना है की के इतिहास में इससे अधिक भव्य शोभायात्रा आज तक नही निकाली गई थी सभी नगरवासी शोभायात्रा तथा रामजी की आरती में सम्मिलित रहे।

नगरवासियों द्वारा इस शोभायात्रा की खूब प्रसंसा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम राज परिवार के संस्थापक मयंक शर्मा जो कि जिला मंत्री भाजयुमो के दायित्व के साथ सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ग्राम पंचायत भवन में लगा राजस्व पखवाड़ा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा

राजस्व पखवाड़ा शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन, बार में आयोजित शिविर में पटवारी गौरी शंकर वर्मा द्वारा विभिन्न राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में वर्मा ने सुबह 10:30 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक निरंतर उपस्थित रहकर आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बी-1, पी-2 तथा राशन कार्ड स्वामित्व से संबंधित मामलों की सुनवाई की।



शिविर के दौरान कुल 79 प्रकरणों का निपटारा किया गया, जिनमें बी-1 एवं पी-2 के 63 प्रकरण, आय, जाति एवं निवास के 16 प्रकरण, तथा राशन कार्ड स्वामित्व से संबंधित 10 प्रकरण शामिल हैं। इस शिविर में ग्राम चरौदा (ब) के अजय सोरी का भी विशेष सहयोग रहा।

शिविर के दौरान सोनाखान के तहसीलदार निवेश कुरेटी से लोगों ने वन अधिकार पट्टा संबंधी समस्याएं भी साझा कीं। इस पर पटवारी गौरी शंकर वर्मा ने उन्हें प्रक्रिया से जुड़े तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी देते हुए विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीणों में संतोष की भावना देखी गई और मौके पर ही समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

# लिमगांव में निकली पोषण पखवाड़ा पर जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

विकासखंड में पोषण पखवाड़ा का आयोजन 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत लिमगांव के आंगनबाड़ी में महिला बाल विकास एव ग्रामीणों द्वारा रैली निकाल कर जन जागरूकता करते हुए पोषण पखवाड़ा शुरू हुआ।

पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक ने बताया कि पोषण अभियान का उद्देश्य प्रौद्योगिकी और परंपरा के मिश्रण से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना साथ ही बच्चे के जीवन के पहले 1, 000 दिनों पर केंद्रित है क्योंकि यह बाल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है। प्रौद्योगिकी का उपयोग-पोषण ट्रैकर आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण सेवाओं की वास्तविक समय निगरानी में सक्षम बनाता है। लाभार्थी अब बेहतर पहुंच के लिए पोषण ट्रैकर वेब ऐप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। तीव्र कुपोषण के सामुदायिक-आधारित प्रबंधन (सीएमएएम) प्रोटोकॉल कुपोषण का शीघ्र पता लगाने और समुदाय-आधारित प्रबंधन में मदद करता है।

पोषण पखवाड़ा स्वास्थ्यवर्धक भोजन विकल्पों को बढ़ावा देकर बचपन में होने वाले मोटापे पर भी ध्यान केंद्रित करता है। हर बच्चे को स्वस्थ शुरुआत का हक है, हर माँ को उचित पोषण का हक है और हर परिवार को पौष्टिक भोजन मिलना चाहिए। फिर भी, भारत में लाखों लोगों के लिए कुपोषण एक खामोश संकट बना हुआ है - जो न केवल व्यक्तियों को बल्कि पूरे देश के भविष्य को प्रभावित करता है। परिवर्तनकारी कार्रवाई की आवश्यकता को पहचानते हुए, एक प्रमुख कार्यक्रम जिसका उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण परिणामों में सुधार करना है। इसकी प्रमुख पहलों में से एक, पोषण पखवाड़ा, कुपोषण को दूर करने में जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में उभरा है।

कल्पना कीजिए कि एक मां,




जो गर्भवती है, अपने बच्चे को जीवन में सबसे अच्छी शुरुआत देने के लिए उत्सुक है। वह जो खाना खाती है, जो स्वास्थ्य सेवा उसे मिलती है, और इन महत्वपूर्ण शुरुआती महीनों में उसे जो मार्गदर्शन मिलता है, वह न केवल उसके बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य को आकार देता है, बल्कि उसके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी आकार देता है। पहले 1, 000 दिन - गर्भाधान से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक - शारीरिक विकास और मस्तिष्क के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इस समय के दौरान, एक बच्चे का शरीर और दिमाग अविश्वसनीय गति से बढ़ता है, जो उसके भविष्य के सीखने, प्रतिरक्षा और समग्र स्वास्थ्य की नींव रखता है। इस समय के दौरान अच्छा पोषण, प्यार, देखभाल और शुरुआती सीखने के अनुभव उन्हें एक स्वस्थ, स्मार्ट और खुशहाल व्यक्ति बनने में मदद कर सकते हैं।

इसलिए, पोषण अभियान ने जीवन के पहले 1000 दिनों पर विशेष जोर दिया है, जो वास्तव में किसी भी बच्चे के लिए जादुई खिड़की है। इस वर्ष के थीम के माध्यम से, पोषण पखवाड़ा 2025 का उद्देश्य परिवारों को मातृ पोषण, उचित स्तनपान प्रथाओं और बचपन में बौनेपन और एनीमिया को रोकने में संतुलित आहार की भूमिका के बारे में शिक्षित करना है। स्थानीय समाधानों पर भी जोर दिया जाता है - पारंपरिक पौष्टिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में जहां स्वदेशी आहार बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है। परंपरा को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाकर और समुदायों को शामिल करके, भारत एक स्वस्थ, मजबूत पीढ़ी की ओर साहसिक कदम उठा रहा है।

लेकिन असली बदलाव की शुरुआत आपसे ही होती है। चाहे वह स्वस्थ खान-पान की आदतें अपनाना हो, अपने आस-पास के लोगों को शिक्षित करना हो, या यह सुनिश्चित करना हो कि हर पात्र लाभार्थी पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत हो, हर काम मायने रखता है। इस पोषण पखवाड़ा पर, आइए समाधान का हिस्सा बनने का संकल्प लें - क्योंकि एक पोषित भारत एक मजबूत भारत है। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक, आंबा कार्यकर्ता संजू, मितानिन व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार गांव, गरीब किसान के लिए मील का पत्थर : अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शुरू राज्यव्यापी सुशासन तिहार में खल्लारी विधान सभा के गांव गरीब किसान मजदूर युवा महिला सभी जन के समस्या मांग शिकायत के निवारण हेतु आवेदन संबंधित ग्राम पंचायत नगरीय क्षेत्र हेतु वार्डों में आवेदन लिए जा रहे है गांव के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति का विकास ही भाजपा का उद्देश्य है। उक्त बातें अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा विधानसभा प्रत्याशी ने कही



अलका ने कहा कि हमने बनाया है हम ही संवारेंगे अटल जी के सपनों का छत्तीसगढ़ मोदी की गारंटी विष्णु का सुशासन आज धरातल में दिख रहा है। छत्तीसगढ़ के गांवों में सुशासन की बयार चल रही है विभिन्न समस्याओं का संकलन कर शीघ्र दूसरे एवं तीसरे चरण में निराकरण किया जाएगा। इसके लिए हर स्तर पर प्रशासनिक अमल मुस्तैदी से डटे है 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्रथम चरण के पहले दिन नगरीय क्षेत्र में 58 आवेदन ग्रामीण क्षेत्र से 1511 आवेदन प्राप्त हुए है भाजपा के कार्यकर्ता भी गांव गांव में जन जन के सहयोग हेतु जुटे है एवं गांव बस्ती चलो अभियान में जुट गए हैं। जो गांव-गांव में जाकर अभियान में भाग लेंगे।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर सतनामी समाज ने जैन मुनियों से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

महावीर स्वामी की जयंती के एक दिन पूर्व विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर पूज्य श्री जैन संघ के द्वारा लोहिया चौक में आयोजित कार्यक्रम में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के दिनेश बंजारे, विजय बंजारे, रेखराज बघेल ने जैन मुनि प.पू.श्री विशुद्ध सागर जी म.सा. एवं प.पू. जीतवर्धन सागर जी म.सा भेंट कर अध्यात्मिक ज्ञान लेकर आशीर्वाद



प्राप्त किया। साथ ही समाज द्वारा नशा उन्मूलन एवं सात्विक आहार विचार के साथ सतनाम संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्य की जानकारी साझा किया, जिस पर मुनियों द्वारा प्रसन्नता जताई।






## मोहंदी में आयोजित मानस गान सम्मेलन में शामिल हुए कांग्रेस नेता अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि ग्राम मोहंदी में त्रिदिवसीय सस्वर मानसगान का 8 अप्रैल से शुभारंभ कार्यक्रम रखा गया था जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए अंकित बागबाहरा। सर्वप्रथम आयोजन समिति ने चंदन वंदन और बैच लगा स्वागत किया और हमेशा बुलावे पर जरूर मौजूद रहने पर भूरि-भूरि प्रशंसा की तत्पश्चात अंकित बागबाहरा ने मौजूद आयोजन समिति सदस्यों व लगातार के सरपंच खेमराज दिवान के साथ भगवान राम के तैल चित्र व रामचरित मानस की पूजा अर्चना की। अपने उद्बोधन की शुरुआत भगवान राम व मैया सीता के जयकारे के साथ साथ मां खल्लारी, मां चंडी व मां चंपई माता का भी जयकारा लगवाया और कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है कि प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांचा है, हम सभी की जन्मस्थली मां खल्लारी का पावन धाम है और 36 गढ़ों में गढ़ सुअरमार गढ़ और चंपई गढ़ हमारे लिए प्रमुख स्थान है, प्रभु राम की महिमा का बखान करते हुए अंकित ने कहा कि प्रभु राम इसलिए नहीं पूजे जाते कि उन्होंने माता कौशल्या



की कोख से जन्म लिया वे इसलिए पूजे जाते हैं कि उन्हें 14 साल का वनवास देने वाली माता कैकेई को भी माता वाला आदर दिया, राम इसलिए नहीं पूजे जाते कि उन्होंने रानी सीता से विवाह किया वे इसलिए पूजे जाते है कि उन्होंने समाज द्वारा ठुकराई अहिल्या को भी देवी का दर्जा दिया, राम इसलिए नहीं पूजे जाते कि उन्होंने सम्राट दशरथ का पुत्र होने का गौरव पाया वो इसलिए पूजे जाते हैं क्योंकि उन्होंने स्वयं पुत्रवत एक पक्षी जटायु का भी अंतिम संस्कार किया, राम इसलिए नहीं पूजे जाते कि उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की, वे इसलिए पूजे जाते हैं कि उन्होंने विभीषण को सोने की लंका सौंप कर अपना वादा निभाया, राम इसलिए नहीं पूजे जाते कि उन्होंने रावण का वध किया वे इसलिए पूजे जाते हैं कि मृत्युशैया पर पड़े प्रकांड ज्ञानी रावण से लक्ष्मण को ज्ञान लेने भेजा। अंत में अंकित ने कहा कि राम इसलिए, नहीं पूजे जाते कि वो भगवान थे वे इसलिए पूजे जाते हैं कि वे मर्यादा में रहने वाले थे। उन्होंने आयोजन समिति, ग्रामवासियों को साधुवाद दिया कि हर साल वो भक्ति की ऐसी बयार अपने ग्राम में बहाते हैं और कहा कि जब जब वो उन्हें बुलाएंगे वो राम भक्ति के इस भवसागर में डुबकी लगाने जरूर मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ सरपंच खेमराज दिवान, नीलकंठ यादव, अशोक विश्वकर्मा, टीकम ध्रुव, दिनेश नंदन प्रधान, रामायण ध्रुव, पुष्कर चंद्राकर, रोहित यादव, रामऊ ध्रुव, हेमंत साहू, नरोत्तम ध्रुव, केवल यादव सहित जय मां चंपई मानस परिवार के सदस्य गण, जगराता ग्रुप, जय मां शारदा मानस परिवार के सदस्यों के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।


